卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 71 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦18 दिसम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in


# नजूल और भूमिधरी मामले का होगा स्थाई समाधान:धामी

## युवा सिख सम्मेलन में उमड़ा सैलाब, सीएम ने स्मृति स्थल और आनंद कारज एक्ट लागू करने का भी किया ऐलान

रूद्रपुर( उद संवाददाता) ।रामपुर रोड स्थित गिल रिसोर्ट में आयोजित युवा सिक्ख सम्मेलन में सोमवार को हजारों की संख्या में सिख समाज का सैलाब उमड़ पड़ा। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बाजपुर के भूमिधरी प्रकरण और नजूल भूमि की समस्या का स्थाई समाधान जल्द करने का ऐलान किया। साथ ही स्मृति स्थल बनाने सहित अन्य घोषणाएं भी की। सीएम धामी ने मंच से अपने सम्बोधन में कहा कि तराई को आबाद करने में सिख समाज का बड़ा योगदान रहा है। सिख गुरूओं के चरण इस धरती पर पड़े हैं इसी लिए आज यहां की धरती मिनी इंडिया के स्वरूप में जानी जाती है। हमारे गुरूओं ने हमेशा राष्ट्र को प्रथम रखा और राष्ट्र और धर्म को एक सूत्र में पिरोने का काम किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीर बाल दिवस मनाने का जो संकल्प लिया था, यह काम पहले भी हो सकता था लेकिन किसी ने यह काम नहीं किया। सिख भाईयों ने देश के लिए जो योगदान दिया उसे शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। सिख परम्परा एक भारत श्रेष्ठ भारत की रही है। इसी ध्येय पर प्रधानमंत्री भी चल रहे हैं। सिख समाज का सेवाभाव देखने लायक होता है, बचपन से ही वह इस सेवाभाव को देखते आ रहे हैं। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व में हमारी सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए काम कर रही है। बहुत उलझे हुए मामलों को भी हम सुलझाने का काम कर रहे हैं। कोई भी मामला आता है उसमें हमारा सकारात्मक रूख रहता है। हम चीजों को उलझाने में नहीं बल्कि सुलझाने में विश्वास रखते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अप्रवासी भारतीयों के लिए भी काम कर रहे हैं। लंगर में जीएसटी न लगे इसकी चिंता करने वाले भी प्रधानमंत्री मोदी है। प्रत्यक्ष को प्रमाण की आवश्यकता नहीं होती। करतारपुर नानक साहिब में 120 करोड़ की लागत से कॉरिडोर बनाकर हमारे देशवासियों को सौगात देने का काम भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। इस देश में और भी सरकारें रही। साइ वर्षों तक एक ही पार्टी का शासन रहा। उसमें से भी 55 वर्षों तक एक परिवार का शासन रहा है। 1984 में सिखों पर जो अत्याचार हुए और अत्याचार करने वालों को किस तरह से सम्मानित किया गया यह किसी से छुपा नहीं है। इसे सिख समाज को भूलना नहीं चाहिए। अफगानिस्तान की तालिबानी हुकूमत से सम्मान के साथ पवित्र गुरू ग्रंथ साहिब को लाने का काम भी प्रधानमंत्री मोदी ने किया। विपक्ष पर निशाना साधते हुए सीएम धामी ने कहा कि विपक्ष का गठनबंधन अपने अस्तित्व और अपने परिवारों को बचाने के लिए किया गया है। जनता इस गठबंधन को तीन राज्यों में नकार चुकी है। उन्होंने सिख समाज से इस गठबंधन को आने वाले चुनाव में मुंह तोड़ जवाब देने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष की नीति ओर नीयत में खोट है। आज प्रधानमंत्री मोदी का कुशल नेतृत्व देश के लिए वरदार साबित हो रहा हैं। देश और प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उत्तराखण्ड से प्रधानमंत्री मोदी का विशेष लगाव रहा है। उन्होंने नौ रत्न देवभूमि को समर्पित किये हैं उनमें से एक रत्न गोविंद घाट से हेमकुंड बनने वाला रोपवे हैं। उत्तराखण्ड सरकार ने भी कुछ ठोस निर्णय लिये गये हैं जैसे नकल विरोधी कानून, धर्मांतरण रोकने के लिए सख्त कानून, लैंड जिहाद और लव जिहाद के लिए कठोर कार्रवाई की है। भ्रष्टाचारियों के खिलाफ भी कठोर कदम उठाये गये हैं। आने वाले समय में हम समान नागरिक संहिता भी लागू करने जा रहे हैं। आनन्द कारज लागू करने के लिए भी कैबिनेट ने निर्णय लिया है, जल्द ही इसे लागू कर दिया जाएगा। सीएम धामी ने कहा कि जब से उन्हें जिम्मेवारी मिली है तब से वह हर वर्ग के लिए निष्पक्ष तरीके से काम कर रहे हैं। उत्तराखण्ड के लोगों के लिए जो सबसे अच्छा हो सकता है वह निर्णय लेने में तनिक भी देरी नहीं की है। बाजपुर की भूमिधरी के माले को लेकर सीएम धामी ने कहा कि इस मामले में इस बार ठोक बजाकर काम किया जा रहा है। क्यों कि पूर्व में जिला प्रशासन को जो जिम्मेवारी सौंपी गयी थी उसके बाद कोर्ट में अड़चन आ गयी। इस बार ऐसा नहीं होगा इस समस्या का पक्का समाधान होगा। सीएम धामी ने कहा कि मैं बोलने पर नहीं काम पर विश्वास करता हूं। सीएम धामी ने घोषणा करते हुए कहा कि समस्या का स्थाई समाधान होगा, इसके लिए कमेटी बना दी गयी है। नजूल भूमि के नियमितीकरण के लिए भी कमेटी काम कर रही है। सारे जिलों से रिपोर्ट मंगाई है। इसका भी स्थाई समाधान होगा। उन्होंने कहा कि किसानों की जो भी समस्या है उसका समाधान हर हाल में किया जाएगा। इसके अलावा सीएम धामी ने 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने के लिए एक स्मृति स्थल का निर्माण कराया जाएगा। आनंद कारज एक्ट को जल्द लागू किया जाएगा। पांच लाख तक के किसान लोन पर स्टाम्प ड्यूटी छूट पहले की तरह जारी रहेगी। वर्ग चार की नियमितीकरण की पॉलिसी को और आगे बढ़ाया जाएगा। अमृतसर के लिए ट्रेन चलाने के लिए रेल मंत्री से आग्रह किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जो भी प्रस्ताव आये हैं उनका भी परीक्षण कराकर निर्णय लिया जाएगा, जो भी महत्वपूर्ण सुझाव हैं उन्हें अपने एजेंडे में शामिल किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि सिख समाज की समस्याओं के समाधान के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार निरंतर प्रयत्नशील है। तराई के चहुंमुखी विकास में सिख समाज का योगदान कभी नही भुलाया जा सकता है। (शेष पृष्ठ सात पर)





### सम्मेलन में जुटी हजारों की भीड़

रूद्रपुर। युवा सिख सम्मेलन में आज हजारों की भीड़ उमड़ने से आयोजकों के चेहरे काफी खिले दिखाई दिये। सम्मेलन में जनपद उधमसिंहनगर के टनकपुर, खटीमा, सितारगंज, नानकमत्ता, किच्छा, रूद्रपुर, दानपुर, भागवानपुर, जाफरपुर, गदरपुर, बाजपुर, केंलाखेड़ा, काशीपुर, जसपुर आदि के साथ ही हल्द्वानी, नैनीताल, लालकुआं, रामनगर समेत तमाम क्षेत्रों से लोगों की भीड़ उमड़ी। आयोजन स्थल का सभागार पूरी तरह से भर गया और लोगों को बाहर खडे होकर मुख्यमंत्री सहित अन्य वक्ताओं का सम्बोधन सुनना पड़ा।











GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur


## घर में घुसकर दबंगों ने मचाया तांडव

### दो लोगों को दोमंजिल से फेंक नगदी जेवर लूटे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि एक दर्जन से भी अधिक दबंगों ने एक घर में घुसकर परिजनों पर हमला कर दिया। उन्होंने परिवार के दो सदस्यों को मार पीटकर दो मंजिल से नीचे फेंक दिया वहीं घर एस जेवरात तथा हजारों की नगदी लूटकर धमकी देते हुए फरार हो गए। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने सभी घायलों का जिला चिकित्सालय में उपचार कराया। घटना की तहरीर पुलिस की दे दी गई है। सर्वेश पत्नी रमेश निवासी राजा कालोनी ट्रांजिट कैम्प, ने बताया कि बच्चों बच्चों की लड़ाई में कल 17 दिसंबर को रात्री करीब 11 बजे उसके पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति अपने साथ 15-20 लड़कों को लेकर उसके घर के अन्दर आ गए। जहां दूसरी मंजिल पर उसे, उसके नंदोई थान सिंह, बेटे देवेन्द्र को बुरी तरह से मारा पीटा तथा नंदोई थान सिंह व बेटे देवेन्द्र को पहली मंजिल से गिरा दिया। जिसके चलते नंदोई थान सिंह, बेटे देवेन्द्र की टांग में चोट आयी है। साथ ही उसके चेहरे पर चोट आयी है। आरोप है हमलावरों ने उसके गले से सोने की चेन निकाल ली। नंदोई थान सिंह की जेब से रूपये 46 हजार रुपए निकाल लिए और धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



## अज्ञात वाहन की टक्कर से राहगीर की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सड़क क्रास करते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से एक राहगीर की मौत हो गयी। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचनापर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। टांडा भूरा खत्ता निवासी 65 वर्षीय भुवन गिरी पुत्र दौलत गिरी रविवार शाम करीब साढ़े सात बजे टांडा बैरियर के पास सड़क क्रास कर रहा तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी और फरार हो गया। हादसे में (शेष पृष्ठ सात पर)



## पिकप से 5 लैपटॉप सहित लाखों का सामान चोरी

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। देहरादून से रूद्रपुर इलेक्ट्रॉनिक सामान लेकर आ रहे पिकप वाहन से रास्ते में पांच लैपटॉप सहित अन्य सामान चोरी हो गया। ट्रांसपोर्ट स्वामी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में टर्नर रोड क्लेमनटाउन देहरादून निवासी उत्तरांचल रोड कैरियर ट्रांसपोर्ट नगर देहरादून ने बताया कि वह देहरादून में उत्तरांचल रोड कैरियर ट्रांसपोर्ट नगर देहरादून के नाम से ट्रांसपोर्ट चलाता है। बीती 25 नवम्बर को समय उसने ट्रांसपोर्ट से पिकप वाहन सं0- यूके 06 सीबी-8415 से चालक सोएब अहमद को कुल-67 बॉक्स इलेक्ट्रानिक आईटम लेकर कार्यालय के कर्मचारी नागेश रावत पुत्र बुद्धि सिंह रावत निवासी शांति बिहार भूरारानी रूद्रपुर के साथ देहरादून से रूद्रपुर के लिए भेजा था। जब 26 नवम्बर को प्रातः 7:12 बजे रूद्रपुर भूरारानी स्थित गोदाम में पहुँचे तो वाहन से 12 बॉक्स कम प्राप्त हुए । चालक व कर्मचारी से पूछने पर उन्होंने बाताया कि उक्त वाहन उन्होंने रास्ते में यूनिटी लॉ कालेज काशीपुर रोड के पास समय करीब 5 बजे रोड किनारे खड़ा किया था और गाड़ी में सो गये थे । उक्त स्थान से ही किसी अज्ञात चोरों द्वारा उक्त 12 बाक्स चोरी किये गये है, जिसमें 5 लेपटॉप, 2 मॉनिटर, 1 कैनन कम्पनी का कैमरा मय उपकरण, यूपीएस की 2 बैट्री, सीसीटीवी के छोटे कैमरे व कुछ छोटा इलेक्ट्रानिक सामान था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छाबनीन शुरू कर दी है।





रूद्रपुर में आयोजित युवा सिक्ख सम्मेलन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का स्वागत करते पदाधिकारी।

# राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी विशेषज्ञों के संघर्ष और बाधाओं के बाद पूरा हुआ ऑपरेशन

उत्तरकाशी। 16 दिनों सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन आसान नहीं था। इस ऑपरेशन का हर दिन नई उम्मीद लेकर आता और हर रात नई बाधाएं देकर जाती थी। बावजूद इसके रेस्क्यू ऑपरेशन में शामिल केंद्र व राज्य की एजेंसियों ने हिम्मत नहीं हारी। सभी ने एक जुटकर होकर काम किया और रेस्क्यू ऑपरेशन में सफलता पाई। बीते 12 नवंबर को सिलक्यारा सुरंग में भूस्खलन की घटना के बाद शुरू हुआ रेस्क्यू ऑपरेशन उतार–चढ़ाव भरा रहा। सुरंग के अंदर फंसे मजदूरों को बचाने के लिए सबसे पहले 13 नवंबर को देशी ऑगर मशीन मंगवाई गई, लेकिन यह क्षमता के मुताबिक काम नहीं कर पाई। जिसके कारण इसे हटाना पड़ा। इसके बाद 14 नवंबर को दिल्ली से अमेरिकी ऑगर मशीन मंगवाई गई। यह मशीन वायुसेना के हरक्यूलिस विमानों से तीन खेप में पहुंची। 15 नवंबर की रात से नई मशीन ने काम शुरू किया, लेकिन इसके आगे कई बार लोहे के टुकड़े



और बोल्डर बाधा बने। 22 मीटर ड्रिलिंग कर 900 मिमी पाइप डालने के बाद 17 नवंबर की रात मशीन पर अटक गई। 18 नवंबर को एक साथ छह प्लान पर काम शुरू करने की योजना बनाई गई, जिसमें 22 मीटर पर अटके 900 मिमी के पाइप के अंदर ही 800 मिमी के पाइप डालने का प्लान तैयार किया गया, लेकिन मशीन के आगे बार–बार सरियों व लोहे के पाइप आने से कई बार काम बाधित हुआ। शुक्रवार शाम को मात्र 12 मीटर ड्रिलिंग बची थी और सभी को लग रहा था कि देर रात किसी भी पल बाहर निकाल लिए जाएंगे। लेकिन, तभी मशीन का बरमा सरियों में उलझ कर बुरी तरह फंस गया, जिसे काटकर निकालने के लिए हैदराबाद से लेजर कटर और चंडीगढ़ से प्लाज्मा कटर मंगवाया गया। सोमवार तड़के ही इस मशीन के फंसे बरमे को बाहर निकाला गया। देर शाम मशीन का हेड भी निकाल लिया गया। इसके बाद रैट माइनर्स ने मैनुअल ड्रिलिंग (हाथों से खुदाई) शुरू की। जिन्होंने 24 घंटे से भी कम समय में मलबा आर–पार कर दिया। रेस्क्यू ऑपरेशन में बड़ी सफलता 20 नवंबर को उस समय मिली, जब शाम चार बजे छह इंच का पाइप आरपार होकर श्रमिकों तक पहुंचा। इसके बाद इस पाइपलाइन से टेलीस्कोपिक कैमरा भेजा गया। पहली बार अंदर फंसे श्रमिकों की तस्वीरें सामने आई। फिर एसडीआरएफ ने इसी पाइपलाइन की मदद से अंदर फंसे मजदूरों तक कम्युनिकेशन के लिए ऑडियो सिस्टम स्थापित किया। अब तक पाइपलाइन से मजदूरों की आवाज साफ नहीं आ रही थी, लेकिन ऑडियो सिस्टम से बिल्कुल स्पष्ट आवाज सुनाई दी।

# रेस्क्यू अभियान में शामिल रैट माइनर्स को सम्मान समारोह में किया आमंत्रित

उत्तरकाशी। सुरंग के अंदर17 दिन की कड़ी मशक्कत के बाद 41 मजदूरों को सफलतापूर्वक बाहर निकालने वाला ऑपरेशन सिलक्यारा किसी सुरंग या खदान में फंसे मजदूरों को निकालने वाला देश का सबसे लंबा रेस्क्यू ऑपरेशन बना गया है। सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले रैट माइनर्स को उत्तराखंड सरकार 21 दिसंबर को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित करेगी। समारोह का आयोजन देहरादून में किया जाएगा।इस दौरान रैट माइनर्स का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। इसके लिए रैट माइनर्स की टीम को देहरादून आने का बुलावा भेजा गया है। रैट माइनर्स टीम के लीडर वकील हसन ने भी इसकी पुष्टि की है। सिलक्यारा सुरंग में जब औगर मशीन से ड्रिलिंग का कार्य पूरा नहीं हो पाया, तब रैट माइनर्स ने मोर्चा संभाला था और सुरंग में फंसे श्रमिकों तक निकास सुरंग पहुंचाई।



इसके बाद 17 दिन से फंसे श्रमिक बाहर निकल पाए। बचाव अभियान संपन्न होने के बाद 29 नवंबर को मुख्यमंत्री ने रैट माइनर्स टीम के प्रत्येक सदस्य के लिए 50–50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि की घोषणा की थी, जिसके मिलने का रैट माइनर्स को इंतजार है। अब शासन ने इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए देहरादून में रैट माइनर्स के सम्मान की तैयारी की है। हाल ही में शासन ने जिला आपदा प्रबंधन उत्तरकाशी से रैट माइनर्स के बारे में जानकारी मांगी थी, जिसके बाद अधिकारियों ने उनसे संपर्क कर सम्मान समारोह के लिए आमंत्रित किया। रैट माइनर्स के आने और जाने की व्यवस्था भी सरकार कर रही है। रैट माईनर्स कीटीम में वकील हसन, मुन्ना कुरैशी, मोनू कुमार, फिरोज कुरैशी, नासिर खान, जतिन, देवेंद्र कुमार, इरशाद अंसारी, राशिद अंसारी, नसीम मलिक, सौरभ, अंकुर हैं यह सभी उत्तर प्रदेश और दिल्ली के रहने वाले हैं।

# केदारनाथ आपदा में बहे रामबाड़ा से गरुड़चट्टी पैदल मार्ग निमार्ण को मिली केंद्र की हरी झंडी

देहरादून। रुद्रप्रयाग जिले के तहत वर्ष 2013 में आई केदारनाथ आपदा में बहे रामबाड़ा– गरुड़चट्टी पैदल मार्ग को बनाने का रास्ता अब पूरी तरह से साफ हो गया है। केंद्र सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने मार्ग के निर्माण के लिए वन भूमि हस्तांतरण को अपनी अंतिम मंजूरी दे दी है। अब भूमि हस्तांतरण के साथ ही कार्यदायी संस्था लोनिवि मार्ग के निर्माण का काम शुरू करेगी। केदारनाथ जाने के लिए वर्ष 2013 से पहले रामबाड़ा– गरुड़चट्टी मार्ग से ही यात्रा होती थी। लेकिन आपदा में मार्ग के बह जाने के बाद इसका अलाइनमेंट बदलते हुए मंदाकिनी नदी के दूसरी तरफ नया मार्ग बनाया गया। इससे केदारनाथ की दूरी ढाई से तीन किमी बढ़ गई। पुराने मार्ग को पुराने स्वरूप में लौटाने के लिए तभी से प्रयास किए जा रहे थे, जो अब सफल होने जा रहा है।इस मार्ग के निर्माण के लिए उत्तराखंड राज्य वाइल्ड लाइफ बोर्ड और राष्ट्रीय वाइल्ड लाइफ बोर्ड भूमि हस्तांतरण के लिए पहले ही मंजूरी दे चुका है। इसके तहत रामबाड़ा से गरुड़ चट्टी तक 6.750 से 12.10 किमी तक करीब पांच किमी पैदल मार्ग निर्माण के लिए 0.983 हेक्टेयर वन भूमि लोनिवि को हस्तांतरित की जानी है।वन विभाग के प्रस्ताव पर केंद्र ने इस साल जुलाई माह में सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी थी। इसके बाद राज्य सरकार की ओर से सितंबर माह में संशोधित मिटिगेशन प्लान प्रस्तुत किया गया था। जिसे अब केंद्र की ओर से मंजूरी मिली है। अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी रंजन मिश्रा ने इसकी पुष्टि की है।रामबाड़ा से गरुड़चट्टी तक पुराने पैदल मार्ग के जीवित होने से केदारनाथ धाम की पैदल दूरी करीब दो से ढाई किमी तक घट जाएगी। गरुड़ चट्टी से केदारनाथ तक पैदल मार्ग के करीब तीन किमी हिस्से का निर्माण वर्ष 2017 में पूरा कर लिया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गरूड़ चट्टी से आध्यात्मिक नाता रहा है। राजनीति में आने से पहले 80 के दशक में मोदी ने करीब डेढ़ माह तक गरुड़ चट्टी गुफा में रहकर साधना की थी। तब वह प्रतिदिन गरुड़ चट्टी से पैदल बाबा केदार के दर्शन करने जाते थे। अपनी केदारनाथ यात्रा के दौरान उन्होंने पुराने मार्ग को संवारने का संकल्प दोहराया था।

# फिल्म अभिनेता अनुपम खेर से भेंट कर दी उत्तराखण्ड की फिल्म नीति की जानकारी

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और महानिदेशक सूचना श्री बंशीधर तिवारी ने देहरादून में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता श्री अनुपम खेर से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें उत्तराखण्ड की फिल्म नीति की जानकारी दी। श्री अनुपम खेर अपनी एक नई फिल्म की लोकेशन के लिए आजकल उत्तराखण्ड के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर रहे हैं। श्री तिवारी ने बताया कि उत्तराखण्ड की प्रस्तावित फिल्म नीति में नई फिल्म लोकेशनों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य में फिल्म निर्माण को लेकर एक 360 डिग्री इकोसिस्टम का निर्माण किया जा रहा है जिसमें बाहरी फिल्म



निर्माता के साथ–साथ स्थानीय फिल्म निर्माताओं और कलाकारों तथा टेक्निशियनों को विशेष मौके मिलेंगे। इस अवसर पर उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद के नोडल अधिकारी डॉ. नितिन उपाध्याय भी उपस्थित थे।

# सिलक्यारा रेस्क्यू ऑपरेशन की सफलता पर श्रमिक संगठनों किया सीएम को सम्मानित

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी का रविवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित 'आदर अभिनन्दन, आभार मिशन सिलक्यारा'' कार्यक्रम में श्रमिक संगठनों द्वारा आभार व्यक्त किया गया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि उत्तरकाशी के सिलक्यारा सुरंग से 41 श्रमिकों को सकुशल निकालने के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार की सभी एजेंसियों द्वारा सराहनीय कार्य किया गया। इस मुश्किल घड़ी में श्रमिकों ने जो धैर्य रखा वो हम सभी को हमेशा प्रेरित करने का काम करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन और श्रमिकों की हिम्मत से ही यह रेस्क्यू ऑपरेशन सफल हुआ। इस रेस्क्यू



ऑपरेशन के दौरान प्रधानमंत्री कार्यालय की टीम भी नियमित तौर पर मौके पर रही। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय एवं राज्य की एजेंसियों द्वारा समन्वय के साथ कार्य कर इस ऑपरेशन को सफल बनाया गया। टनल में फंसे श्रमिकों के धैर्य ने भी इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम में सचिव श्रम श्री आर. मीनाक्षी सुंदरम ने भी विचार रखे। इस अवसर पर श्रमायुक्त सुश्री दीप्ति सिंह, भारतीय मजदूर संघ के श्री सुमित सिंघल, ट्रेड यूनियन कॉर्डिनेशन के अध्यक्ष श्री नवीन कुरील समेत विभिन्न श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि और श्रमिकों के परिजन उपस्थित थे।



# पीएम मोदी का जीवन जनता के लिए समर्पित: अजय भट्ट





## धीमरखेड़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन

काशीपुर(उद संवाददाता)। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत धीमरखेड़ा में पेट्रोल पम्प के पास विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका केन्द्रीय पर्यटन एवं रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने दीप जलाकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों तथा उपस्थित जनसमूह को विकसित भारत की शपथ दिलाई गई। श्री भट्ट ने कहा कि सरकारी योजनों का लाभ जन जन तक पहुंचाने के लिए ग्राम स्तर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारम्भ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि पहल के कारण दूरस्थ क्षेत्र को जनता भी आसानी से योजनाओं का लाभ उठा सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जन कल्याण हेतु अनेक योजनाएं चली जा रही हैं। पहले दूसरे देशों से मांगते थे, कोई हमे नहीं पूछता था। पीएम मोदी ने रूसदृयूक्रेन युद्ध को 3 दिन तक रुकवाकर देश के बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। पाकिस्तान कंगाली की स्थिति में है, आटे के लिए छीनादृझपटी हो रही है। हमारा देश 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन दे रहा है।विश्व की 5वी बढ़ी आर्थिक शक्ति बन गए हैं। जाति धर्म, वर्ग, क्षेत्र के बारे में नहीं देश के बारे में सोच रहे हैं। ढाई साल में पीएम मोदी ने नई संसद बनकर इतिहास रच दिया। हमने किसी दूसरे देश से मदद नहीं ली और चंद्रयान मिशन को सफल बनाया।तेजस, ब्रह्ममोस, मेडिकल यूनिट की अमेरिका ने मांग की द्विपक्षीय वार्ता में, हर देश में इज्जत मिल रही है, यह है हमारा भारत, 2047 में भारत कहां होगा, उसका खाका खींच दिया हैं, हम रहें न रहें, देश नम्बर एक पर होगा। गरीब से गरीब को भी हर सुविधा मिले। उन्होंने कहा कि कुछ लोग देश की युवा पीढ़ी को बर्बाद करने का षड्यंत्र कर रहे हैं, युवाओं में ड्रग्स का नशा घोल रहे हैं। लत छुड़ाने की दवाई है, बच्चों पर नजर रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह बनाने पर बहनों को 5 लाख रुपए ब्याज रहित दे रहे हैं। शिविर में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग द्वारा 5 महिलाओं को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट वितरित की गई। चार व्यक्तियों द्वारा अपनी-अपनी सफलता की कहानी सुनाते हुए सरकार का आभार व्यक्त किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 340 व्यक्तियों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व दवाई वितरण के साथ ही 99 व्यक्तियों की आभा आईडी तथा 17 व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये। हौम्योपैथिक विभाग द्वारा 110 व्यक्तियों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व दवाई वितरित की गई, कृषि विभाग द्वारा 6 किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड बनाये गये और सब्जिडी पर 925 रूपए के उपकरण, 10 किलो जिंक का वितरण किया गया। बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा 17 व्यक्तियों को ऋण वितरण तथा कृषि आधारित स्कीम के मारे में जानकारी दी गई। उद्योग विभाग द्वारा 63 व्यक्तियों को, सेवायोजन विभाग द्वारा 26 व्यक्तियों को उनकी मंशा के अनुरूप विभिन्न जानकारी दी गई। शिविर में चिकित्सा, उद्योग, श्रम, उद्यान, दुग्ध विकास, समाज कल्याण आदि विभागों के द्वारा अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी मंच के माध्यम उपस्थित जनसमूह को दी गई। शिविर में, श्रम, कृषि, सेवायोजन, समाज कल्याण, उद्योग, मस्त्य, बाल विकास, ग्राम्य विकास, पंचायतीराज, राजस्व, उद्यान, चिकित्सा, जल संस्थान, दुग्धविकास, सहकारिता, विद्युत आदि विभागों द्वारा स्टॉल लगाये गये। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.मनोज शर्मा, उप जिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह , खण्ड शिक्षा अधिकारी आरएस नेगी, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, महाप्रबंधक उद्योग केंद्र विपिन कुमार, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, बीजेपी जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा,पूर्व दर्जा राज्य मंत्री राजेश कुमार, कार्यक्रम संयोजन गौरव शर्मा, मण्डल अध्यक्ष संजीव कुमार, इन्तजार हुसैन, हाजी साबिर, जिला उपाध्यक्ष बीजेपी कमल किशोर भट्ट सहित क्षेत्रीय जनता उपस्थित थी।

## एशियाई युवा शतरंज में उत्तराखण्ड की शतरंज खिलाड़ी शेराली पटनायक ने जीता रजत पदक

किच्छा(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड प्रदेश की सबसे अधिक रेटेड महिला खिलाड़ी देहरादून की शेराली पटनायक ने अपनी बेहतरीन चालों से प्रतिद्वंद्वी को शिकस्त देकर एशियाई शतरंज में भारत के लिए रजत पदक जीता है। बता दें कि शेराली ने यूएई में चल रही एशियाई यूथ रैपिड शतरंज प्रतियोगिता में अंडर-14 आयु वर्ग में खेलते हुए अपना दूसरा इंटरनेशनल पदक जीता है। शेराली पटनायक ने पिछले वर्ष श्रीलंका में आयोजित राष्ट्रीय मण्डल खेलों में अपना पहला इंन्टरनेशनल रजत पदक जीता था। 13 वर्षीय शेराली ने 7 में से 6 मुकाबले जीतकर पदक जीता। अब वह रेपिड के अलावा शतरंज की अन्य स्पर्धा में भी खेलेंगी। ऐशियन यूथ शतरंज चौम्पियनशिप में 21 देशों के 18 वर्ष से कम उम्र के 600 से अधिक बच्चे भाग ले रहे हैं। खेल प्रारम्भ होने से पहले शेराली का 18वाँ



स्थान था। शेराली ने यूएई की अल रीम मुबारक, फिडे की खाफीजोआ तथा टेबरमकोवा, भारत की अश्विनिका, कजाकिस्तान की कलियखमेट और कैन्टर एलीजाबेटा को हराकर दूसरा स्थान प्राप्त कर रजत पदक पर कब्जा किया। प्रतियोगिता के दौरान उन्होंने 146 ईलो प्वाईंट भी बढ़ाये । शेराली की सफलता पर उनके परिवार तथा उत्तराखण्ड राज्य शतरंज के सचिव श्री संजीव चौधरी तथा अन्य शतरंज खिलाड़ियों आदि ने बधाई दी। सात साल की उम्र से शतरंज खेलने वाली शेराली का लक्ष्य ग्रैंड मास्टर बनने का है। वह इसी लक्ष्य के साथ लगातार अपने खेल को आगे बढ़ा रही हैं। शेराली ने इस वर्ष राष्ट्रीय स्तरीय सभी प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें उनका शानदार प्रदर्शन रहा। शेराली पटनायक अपने बेहतरीन खेल प्रदर्शन से देश के साथ-साथ उत्तराखण्ड राज्य का नाम भी रोशन कर रही हैं।

## चुघ ने शोभा यात्रा में लिया आर्शीवाद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी भारत भूषण ने अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ इस्कॉन स्थानीय इकाई द्वारा आयोजित श्री श्री कृष्णा बलराम शोभा यात्रा महामहोत्सव में शामिल होकर भगवान श्री कृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किया। शोभायात्रा सिटी क्लब से प्रारंभ होकर अग्रसेन चौक, डॉक्टर्स कॉलोनी, नैनीताल रोड, एलआईसी ऑफिस मोड़, रिंग रोड, आवास विकास, नैनीताल रोड, डीडी चौक, बाटा चौक, मुख्य बाजार, गल्ला मंडी रोड़, काशीपुर रोड़, गाबा चौक होते हुए वापस सिटी क्लब में संपन्न हुई। श्री चुघ ने शोभा यात्रा में हरे रामा हरे कृष्णा के भजनों के साथ भगवान श्री कृष्ण को सुसज्जित टोकरी में विराजमान कर अपने सिर पर धारण किया साथ ही श्रद्धालुओं द्वारा खींची जा रही श्री कृष्ण बलराम की पालकी के आगे झाडू लगाकर सफाई भी की। शोभा यात्रा का मार्ग में अनेक



स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। श्री चुघ ने कहा कि हरे रामा हरे कृष्णा के भजन न सिर्फ भारत बल्कि विश्व के कई देशों में कृष्ण भक्तों द्वारा भक्तिभाव में मग्न होकर गाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण तथा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्शों को तमाम देशों में आदर्श के रूप में माना जाता है। श्री चुघ ने कहा कि इस शोभा यात्रा में शामिल हजारों बुजुर्ग, महिला, पुरुष, युवा तथा बच्चे श्रद्धालु जनों में ईश्वर के प्रति विशेष लगाव दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि इस्कॉन द्वारा ग्रीन पार्क स्थित मंदिर में प्रतिदिन भजन कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। साथ ही नगर में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता है। इस दौरान विधायक शिव अरोरा, निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, महामन दास, सुंदर गोपाल दास, आदिकर्ता दास व गौरमणि सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।





## आरएएन किड्स में एनुअल बोनांजा की धूम,बच्चों ने मोहा मन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आर. ए .एन किड्स स्कूल के प्रांगण में क्लास 1 और 2 का एनुअल बोनांजा 'बुलन्द हौसलों की उड़ान' बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन विंग कमांडर एच.के. राय एवं श्रीमती मधु राय द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय की प्रधानाचार्या ने सभी अतिथियों व माता-पिता का स्वागत किया। 1 और 2 के नन्हे मुन्ने बच्चों ने गणेश वंदना, शिव की महिमा, फ्यूजन डांस, नाटक 'मार्कण्डेय' एक साहसी बालक, उपउम, बुलंद हौसलों के साथ भारतीयों की उड़ान, जिंगल बेल आदि प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।नृत्य के रूप में उम्र के पड़ाव की यात्रा ने तो सबको स्तब्ध ही कर दिया । कार्यक्रम में माता -पिता के लिए कई खेलों का आयोजन किया गया तथा उपहार प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन विंग कमांडर एच.के. राय सर व श्रीमती मधु राय ने माता पिता को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । अंत में विद्यालय के प्रबंधक मोहित राय तथा एडमिनिस्ट्रेटर श्रीमती निधिराय ने सबको धन्यवाद् दिया। इस आयोजन में श्रीमती व श्री कुमार,डॉक्टर आँचल ढींगरा आदि उपस्थित थे।








# राहुल रॉय को स्तब्ध कर गया देहरादून के युवाओं का हुनर

## बॉलीवुड एक्टिंग स्कूल ऑफ आर्ट्स के कार्यक्रम में पहुंचे थे आशिकी फेम राहुल रॉय







देहरादून(उद संवाददाता)। आशिकी फेम एक्टर राहुल रॉय को देहरादून के युवाओं के हुनर ने स्तब्ध कर दिया। युवाओं के बीच बढ़ रहे क्लासिकल म्यूजिक और डांस के रुझान को देख राहुल रॉय हैरान हो गये। बॉलीवुड एक्टिंग स्कूल ऑफ आर्ट्स की ओर से आयोजित टैलेंट हंट के फिनाले को जज करने पहुंचे राहुल रॉय ने कहा कि वे बहुत ही हैरान है कि देहरादून के युवाओं में क्लासिकल म्यूजिक और डांस के प्रति इतना रुझान है। उन्होंने कहा कि यहां के युवाओं में हुनर देखते ही बनता है। उन्होंने अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स के बारे में बात करते हुए कहा कि वे जल्द ही उनकी सुपरहिट फिल्म जुनून का सिक्वल ले कर आ रहे है। कार्यक्रम के आयोजक गुरचरण लाल सदाना, (निर्माता) जुल्फूकर टाइगर, (निदेशक ,हिमांशु नौरियाल, (संरक्षक एवम सलाहकार) एवं शुभम सैनी (सह-निदेशक)। इसके अलावा टीम बॉलीवुड एक्टिंग स्कूल आफ आर्ट्स एवं अपना परिवार: (एक सामाजिक संस्था) के सभी नुमाइंदों ने बढ़ चढ़कर और जी लगाकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना संपूर्ण सहयोग दिया। टैलेंट हंट के मिस आईकॉनिक में प्रथम स्थान पर माही सोनी, द्वितीय स्थान पर वाणी और तृतीय स्थान पर वंशिका शर्मा रहीं वहीं मिस्टर आईकॉनिक फ्यूचर कॉन्टेस्ट सीजन द्वितीय में आशीष चौहान, पंकज पंत एवं तीसरे स्थान पर आकाश धीमान रहे। मिसेज आईकॉनिक में दीपाली सिंह प्रथम रीना शाह द्वितीय व डिंपल तृतीय स्थान पर रहीं। सब जूनियर ग्रुप में प्रथम स्थान पर आरोही पंडित, दूसरे स्थान पर अंशिका मनवाल एवं तीसरे स्थान पर आराध्या पाई ने जगह बनाई। सिंगिंग में प्रथम आजम, द्वितीय कल्पना व तृतीय अंशिका शर्मा रहीं। जूनियर ग्रुप में अग्रिम सक्सेना विनर रहे। डांसिंग में पूर्वी गुंजन फर्स्ट रहे ,तानिया जटवानी तीसरे स्थान पर वंशिका रही।

# मजदूरों का सत्यापन और मदरसों में जांच करने पहुंची पुलिस टीम

कालाढूंगी(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देशन और थाना प्रभारी नंदन सिंह रावत एसआई गगनदीप सिंह के नेतृत्व में कालाढूंगी पुलिस ने थाना क्षेत्र से बाहर के किरायेदारों, मजदूरों का सत्यापन अभियान तेज कर दिया है। पुलिस ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि भवनों में रहने वाले किरायेदारों का भवन मालिक, ठेकेदार अपने मजदूरों एवं दुकानदार एवं उद्योग स्वामी अपने कारीगरों का पुलिस सत्यापन करा लें, सत्यापन न कराने वालों को इसका दंड भुगतना पड़ेगा। कालाढूंगी पुलिस द्वारा रविवार को चकलुवा ग्रामीण एवं नगर क्षेत्र के कई वार्डों में घूमकर दर्जनों लोगों को समय पर सत्यापन कराए जाने की



कड़ी चेतावनी दी गई। इस दौरान पुलिस ने मदरसा फैजुल उलूम, मदरसा हाजी हबीबुल्लाह, मदीना सोसायटी की जांच करते हुए बाहरी शिक्षक एवं छात्रों के सत्यापन की जांच भी की। इस दौरान थाना प्रभारी नंदन रावत एस आई गगनदीप सिंह, उपनिरीक्षक धनंजय रावत, कांस्टेबल राजा राम, अखिलेश तिवारी, किशन नाथ, जबर सिंह, धर्मेंद्र कुमार, संजय कुमार, रंजीत राणा आदि मौजूद थे।

# स्पर्श गंगा दिवस पर स्वयंसेवियों ने निकाली रैली

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। स्पर्श गंगा दिवस पर एनएसएस स्वयंसेवियों ने निकाली रैली। श्री गुरु नानकदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सीता मेहता एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इंदु बाला के नेतृत्व में गंगा स्पर्श दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय शिविर के तहत महाविद्यालय परिसर से नानकमत्ता झील तक रैली निकाली और झील के किनारे एवं आस-पास स्वच्छता की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ सीता मेहता एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इंदु बाला ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि गंगा स्पर्श दिवस संपूर्ण देश में मनाया जाता है इसका उद्देश्य है कि स्वच्छता मानवीय जीवन का सबसे प्रथम नैतिक कर्तव्य होता है। हमारी पवित्र नदियां गंदगी के द्वारा अपवित्र न हो इस अभियान के माध्यम से गंगा एवं अन्य सारी नदियों को साफ एवं शुद्ध रखने का हमारा लक्ष्य व परम कर्तव्य होना चाहिए। डॉ मनोज कुमार जोशी ने कहा कि गंगा जलाशयों को स्वच्छ रखना हम सब का परम कर्तव्य होना चाहिए जिससे कि हम सभी स्वस्थ भी रहे और हमारी संस्कृति भी जीवित रहे। इस



नदी भारत की आत्मा है यह पवित्र नदी सभी नदियों में से महानदी के रूप में जानी जाती है यह मनुष्य को पाप से पुण्य की ओर ले जाती है इस पवित्र नदी को एवं अन्य नदियों, तालाबों एवं अवसर पर महाविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ कामिनी राना, नीमा गोस्वामी, डॉ नीतू ,रश्मि सारथी, अफ्साखान ,प्रिया थापा आदि सहित तमाम स्वयंसेवी छात्र -छात्राऐं उपस्थित थे।

# उज्जवला योजना के लाभार्थियों को बांटे गैस कनेक्शन

गुलरभोज (उद संवाददाता)।नई बस्ती में विधायक अरविंद पांडे ने उज्ज्वला योजना के 50 लाभार्थियों को फ्री गैस कनेक्शन वितरण किये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पाण्डे ने भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया एवं मिशन 2024 में पुन: मोदी सरकार लाने हेतु सभी को संकल्पित कराया। कार्यक्रम का सफल संचालन संजीव भटेजा ने किया ।साथ में नगर पंचायत की निवर्तमान अध्यक्ष श्रीमती अनीता दुबे, भाजपा नगर अध्यक्ष तरुण दुबे, वार्ड नंबर 6 के निवर्तमान सभासद संजीव भटेजा, रमेश कुमार, इंद्र



बीडीसी सदस्य गुरमेल सिंह, महेश प्रसाद,उदयभान राजभर,मुकेश राजभर, सिंह मेहता, इंदर सिंह राठौर,नंदन सिंह कोशयारी, ग्राम पंचायत कोपा के अजीत मिस्त्री, रूप सिंह,पूर्व ग्राम प्रधान कोपा नैन सिंह,आदि लोग उपस्थित रहे।

# रथ यात्रा का किया स्वागत

रूदपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा रुद्रपुर शहर में इस्कॉन मंदिर के सौजन्य से निकाली जा रही भव्य रथयात्रा में शामिल हुई। इससे पूर्व सिटी क्लब से प्रारंभ हुई रथ यात्रा का विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ शुभारंभ किया गया । इस अवसर पर रुद्रपुर निगम के पूर्व महापौर रामपाल सिंह, पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा, किशोर शर्मा, चंद्र अरोड़ा,दिनेश कपूर, श्वेता शर्मा, मंजू शर्मा, कांग्रेस नेता अनिल शर्मा सहित बड़ी संख्या में अन्य लोगों ने प्रतिभाग किया।






# टीका टिप्पणी करने पर कर दी थी दोस्त की हत्या, घटना को दिखाया आत्महत्या

## कालसी में संदीप हत्याकांड में पुलिस ने आरोपित को किया गिरफ्तार

देहरादून(उद संवाददाता)। 23 दिन पूर्व कालसी स्थित एक फार्महाउस में मिले युवक के शव के मामले में पुलिस ने हत्यारोपी दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है। टीका टिप्पणी के चलते दोस्त ही दोस्त की जान का दुश्मन बन बैठा। घटना के बाद आरोपित नंगे पांव घर गया, जिससे वह पुलिस की रडार पर आ गया। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि 23 नवंबर को कालसी थाना पुलिस को अक्षय भट्ट निवासी ग्राम जोखला ने सूचना दी कि उनके अमलावा नदी स्थित फार्म हाउस के अंदर एक व्यक्ति का शव फंदे लटका हुआ है। सूचना पर थानाध्यक्ष कालसी वैभव गुप्ता पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मृतक की पहचान संदीप उर्फ माघू निवासी ग्राम डिंडाल वर्तमान निवासी हरिपुर कालसी के रूप में हुई। पुलिस ने स्वजन की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया। जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले और मृतक की काल डिटेल खंगाली। इस दौरान पुलिस को मृतक का एक दोस्त नजर आया, जोकि स्कूटी पर जूते पहनकर आया, जबकि वापसी में नंगे पांव गया। शक के आधार पर पुलिस ने मृतक



के ही घनिष्ठ दोस्त शिव सिंह राणा निवासी-हरिपुर कालसी से गहनता से पूछताछ की। पूछताछ में शिव सिंह ने बताया कि संदीप उसके बारे में गलत टीका टिप्पणी करता था। इस संबंध में कई बार दोनों के बीच मारपीट भी हुई थी। घटना वाले दिन भी संदीप उसे अमलावा नदी के किनारे स्थित फार्म हाउस पर मिला। इस दौरान संदीप ने दोबारा टीका टिप्पणी शुरू कर दी। इसके बाद संदीप व शिव सिंह के बीच मारपीट हो गई। जिसमें संदीप लहूलुहान हो गया और बेहोश हो गया। घटना को आत्महत्या दिखाने के लिए आरोपित ने संदीप के गले में रस्सी डालकर उसे पंखे पर लटका दिया। इसके बाद आरोपित शिव सिंह गेट के बाहर ताला लगा दिया। यही नहीं, आरोपित ने पत्थर से जानबूझ कर गेट के बगल वाली जाली काट दी, ताकि पुलिस को लगे कि संदीप जाली काटकर कमरे में घुसा और उसने आत्महत्या कर ली। संदीप से मारपीट में आरोपित शिव सिंह के जूते खून से सन गए थे, जिन्हें अमलावा नदी में धोने के बाद उसने नदी किनारे ही छिपाकर रख दिया। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर जूते भी बरामद कर लिए हैं।

# दस राज्यों में 19 करोड़ की साइबर ठगी के आरोपित को एसटीएफ ने जयपुर से दबोचा

देहरादून(उद संवाददाता)। कम निवेश में अधिक लाभ का लालच देकर दून निवासी व्यक्ति से 14 लाख रुपये की साइबर ठगी में उत्तराखंड पुलिस की एसटीएफ ने एक आरोपित को राजस्थान के जयपुर से गिरफ्तार किया है। उसने पीड़ित को पार्ट टाइम नौकरी के नाम पर झांसे में लिया था।पुलिस को जांच में पता चला कि आरोपित देशभर में करीब 19 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी कर चुका है। उसके विरुद्ध राष्ट्रीय साइबर पोर्टल पर 33 शिकायतें दर्ज हैं। 10 अन्य राज्यों की पुलिस भी उसे तलाश रही थी। एसटीएफ के एसएसपी आयुष अग्रवाल ने बताया कि इसी वर्ष 22 अगस्त को किशन नगर निवासी सुनील कुमार जैन ने साइबर ठगी की शिकायत की थी। इसमें उन्होंने बताया कि छह अगस्त 2023 को उन्हें टेलीग्राम एप पर एक अंजान व्यक्ति का संदेश आया, जिसने प्रतिदिन एक से तीन घंटे काम करने पर 1500 से 2800 रुपये और इससे अधिक काम करने पर 2400 से 4000 रुपये कमाई की बात कही।सुनील ने आरोपित से संपर्क किया तो उसने खुद को ग्लोबल केपीओ कंपनी का अधिकारी बताकर



उसमें निवेश करने पर अधिक लाभ का लालच दिया और उनसे विभिन्न तिथियों में 14 लाख रुपये बैंक खाते में जमा करा लिए। मामले में साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कर विवेचना निरीक्षक देवेंद्र नबियाल को सौंपी गई।जांच के दौरान पता चला कि उक्त धनराशि ऋतिक सेन निवासी मुकुंदपुरा रोड, जयसिंहपुरा, जयपुर (राजस्थान) के बैंक खाते में गई है। इस पर एक टीम जयपुर भेजी गई, जहां शनिवार को आरोपित को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। एसएसपी ने बताया कि आरोपित ऋतिक सेन गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, बंगाल, आंध्र प्रदेश, दिल्ली, तेलंगाना, राजस्थान में भी साइबर ठगी की घटनाओं को अंजाम दे चुका है। आरोपित ऋतिक विभिन्न कंपनियों की फर्जी वेबसाइट तैयार कर स्वयं को उसका कर्मचारी या अधिकारी बताकर लोगों को पार्ट टाइम नौकरी का झांसा देता था। इसके लिए विभिन्न कंपनियों के नाम के लिंक भेजकर रेटिंग का टास्क दिया जाता था। इसके बाद वह एक या दो बार लोगों को पैसा देता और फिर आगे की कमाई के लिए निवेश करने को कहता। जो लोग निवेश के झांसे में आ जाते, उन्हें ठगी का अहसास होने तक आरोपित लाखों की चपत लगा चुका होता था।

# लोकसभा की पांचों सीटों की प्रत्येक बूथ पर 21 से 51 कार्यकर्ताओं की टीम बनेगी

देहरादून। चार राज्यों के विधानसभा चुनाव में बुरी तरह मात खाने के बाद कांग्रेस ने उत्तराखंड में लोस चुनावों के मद्देनजर नए सिरे से तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी ने 70 विधानसभा क्षेत्रों में विधानसभावार प्रभारी नियुक्त किए हैं। इसके बाद वरिष्ठ नेताओं को पांचों सीटों पर बतौर प्रभारी बड़ी जिम्मेदारी देने की तैयारी है। उत्तराखंड में संगठन को मजबूत करने और दिग्गजों की नाराजगी दूर कर उन्हें पार्टी के पक्ष में लामबंद करने के लिए पार्टी हाईकमान के स्तर से निर्देश मिले हैं। प्रदेश में जनाधार और कार्यकर्ताओं के बीच पैठ रखने वाले वरिष्ठ नेताओं को लोस चुनाव से पहले पूरी तरह सक्रिय किया जाए, ताकि वह भाजपा के किले को भेदने के लिए अभी से रणनीति बनाने में जुट जाएं। हालांकि, लोस चुनाव में पांचों सीटों पर प्रत्याशियों का चयन भी कहीं न कहीं वरिष्ठ नेताओं में से ही किया जाएगा, लेकिन उससे पहले बतौर प्रभारी सभी को मैदान में उतारकर पार्टी के पक्ष में माहौल तैयार किया जाएगा। इससे पहले नवंबर और दिसंबर के अंत तक विस प्रभारियों को बूथ कमेटी, मंडलम कमेटी के सत्यापन पूरा करने का जिम्मा सौंपा गया है। लोस चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर पार्टी ने प्रत्येक बूथ पर 21 से 51 कार्यकर्ताओं की टीम खड़ी करने का निर्णय लिया है। जो पार्टी की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाएंगे। 70 विधानसभा सीटों पर 11 हजार 835 बूथ हैं। इस तरह से पार्टी जमीनी स्तर तक एक मजबूत नेटवर्क खड़ा करना चाहती है। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के अनुसार प्रदेश कांग्रेस लोस चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। वर्तमान में जिलेवार जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता सम्मेलन पूर्णरूप से चल रहे हैं। विसवार प्रभारियों की नियुक्ति कर दी गई है। पार्टी को बूथ लेवल तक मजबूत करने की दिशा में काम कर रहे हैं। लोस की पांचों सीटों पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को प्रभारी के तौर पर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। इसको लेकर पार्टी संगठन स्तर पर मंथन किया जा रहा है।

# पहाड़ों पर बारिश-बर्फबारी के आसार मैदानी क्षेत्रों में शीतलहर से बढ़ रही ठंड

देहरादून। प्रदेश के पर्वतीय इलाकों में बीते दो दिन हुई बारिश व बर्फबारी का असर अगले कुछ दिनों तक मैदानी इलाकों में देखने को मिलेगा। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश भर में 18 दिसंबर तक मौसम शुष्क तो रहेगा, लेकिन शीतलहर के चलते पहाड़ से लेकर मैदान तक सुबह-शाम के समय ठंड सताएगी। इसके अलावा दोनों समय के तापमान में गिरावट भी देखने को मिलेगी। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है, चार धाम समेत ऊंचाई वाले इलाकों में हुई बर्फबारी का सीधा असर मैदानी इलाकों के तापमान में पड़ता है। शीतलहर के चलने से सुबह-शाम के साथ दिन के तापमान में भी असर देखने को मिलता है। हालांकि विंटर बारिश न होने की वजह से बीते कुछ दिनों से मैदानी इलाकों के अधिकतम तापमान में एक-दो डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की जा रही थी। यही वजह है कि मैदानी इलाकों में सुबह के समय कोहरे की चादर लोगों को परेशान कर रही है। खासकर ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार जिले में कोहरा छा रहा है। प्रदेश भर में दिसंबर महीने में साल 2014 में रिकॉर्ड बर्फबारी हुई थी। इस साल पूरे राज्य में 24 इंच बर्फबारी दर्ज की गई थी। इससे पहले साल 2005 में 3.8 इंच बर्फबारी हुई थी। जबकि बीते साल नवंबर और दिसंबर के महीने में न के बराबर बर्फबारी देखने को मिली थी। इसकी बड़ी वजह विंटर बारिश का कम होना बताया गया था। उत्तराखंड का शीतकालीन पर्यटन यहां होने वाली बर्फबारी पर निर्भर है। ऐसे में इस साल दिसंबर के अंत तक अच्छी बर्फबारी होने के आसार है। जिसका सीधा असर पर्यटन क्षेत्र पर देखने को मिलेगा। इससे विंटर ट्रैक दयारा बुग्याल, नाग टिब्बा जैसे ट्रैक पर पर्यटकों की अच्छी भीड़ देखने को मिलेगी।






## पेज एक का शेष...

**नजूल और भूमिधरी...**उन्होंने कहा कि 2014 में जब से नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बनकर आये तभी से सिख समाज के हित के लिए कई ऐतिहासिक फैसले लिये है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो कहते हैं वह करते हैं। आज उनके मार्ग दर्शन में उत्तराखण्ड लगातार विकास कर रहा है। श्री बहुगुणा ने कहा कि सिख समाज त्याग बलिदान और देश को आगे बढ़ाने में अग्रणी रहा है। प्रधानमंत्री मोदी धर्म जाति समुदाय की बात नहीं करते बल्कि 130 करोड़ देशवासियों की बात करते हैं। सिख समाज का आशीर्वाद हमेशा मिलता रहा है। आगे भी उम्मीद करता हैं सिख समाज का सिख समाज का आशीर्वाद मुख्यमंत्री धामी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी को मिलता रहेगा। श्री बहुगुणा ने कहा कि इस जिले में किसानों की जो समस्याएं हैं उनका मुख्यमंत्री निश्चित रूप से समाधान करेंगे। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि रूद्रपुर में आयोजित किया गया यह सिक्ख युवा सम्मेलन ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज विकास के लिए जो भी कर रहे हैं वह किसी से छिपा नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिख समुदाय को हर सुविधा देने का काम किया है। जिस तरह से 1984 में कांग्रेस की सरकार में दंगे हुए आज उन्हें सजा मिली है तो वह प्रधानमंत्री की मोदी की वजह से मिली है। श्री औलख ने कहा कि सिख समाज की उत्तराखण्ड में जो भी समस्याएं हैं उन्हें मुख्यमंत्री धामी हल करेंगे यह उन्हें पूरा विश्वास है। सिक्खों का हक उन्हें अवश्य मिलेगा। श्री औलख ने कहा कि सिख समाज भाजपा के साथ था और हमेशा रहेगा। कार्यक्रम के दौरान अपने सम्बोधन में विधायक शिव अरोरा ने पंजाबी भाषा में अपने सम्बोधन में कहा कि आज युवा सिख सम्मेलन में आये सिंख समाज सहित सभी वर्गों के हजारों लोगों ने यह साबित कर दिया है कि भाजपा के प्रति लोगों में विश्वास निरंतर बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि धर्म और सम्मान की खातिर सिख समाज के कई लोगों ने मुगलों से संघर्ष किया। जिनका इतिहास आज भी बच्चों को पढ़ाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सिख समाज के उत्थान के लिए हमेशा चिंतित रहे हैं । विधायक अरविंद पाण्डेय ने वर्ष 1984 में तत्कालीन प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के पश्चात देश में सिख समुदाय के खिलाफ हुए सामूहिक नरसंहार, लूटपाट, धार्मिक स्थानों पर हमले आदि घटनाओं की याद ताजा करते हुए कांग्रेस को जमकर कोसा। उन्होंने कहा कि आज भी सिख समाज के दिलों में वो जख्म बने हुए हैं। विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने कहा कि कांग्रेस सरकार के पतन के बाद केन्द्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने सिख समाज का सम्मान करते हुए कई घोषणाएं कीं। काबीना मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि प्रदेश एवं केन्द्र सरकार सिख समाज एवं किसानों की हर समस्या का समाधान करने के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। पूर्व विधायक डा. शैलेन्द्र मोहन सिंघल ने कहा कि तराई के विकास में सिख समाज का योगदान कभी नहीं भुलाया जा सकता है। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि हिंदू एवं सिख दोनों ही एक परिवार हैं। जिसको सिख समाज भी कहता है। दोनों मिलकर देश के विकास में सहयोग कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम को अन्य कई वक्ताओं ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम के दौरान रक्तवीर हरविन्दर सिंह चुघ, जगजीत सिंह तक्था दलजीत सिंह को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। इस अवसर पर 100 बार रक्तदान कर चुके रक्तवीर हरविंदर सिंह चुघ, जगजीत सिंह गोल्डी तथा दलजीत सिंह को मुख्यमंत्री ने शॉल ओढाकर सम्मानित किया गया।सम्मेलन में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री बलदेव सिंह औलख,प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट,भाजपा महामंत्री संगठन अजय जी, कबीना मंत्री सौरभ बहुगुणा, विधायक शिव अरोरा, अरविंद पाण्डेय,त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व विधायक शैलेंद्र मोहन सिंघल, निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, भारत भूषण चुघ, जसवीर सिंह बाटला निदेशक राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड कृषि मंत्रालय, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, कमल जिंदल, अमित नारंग, खिलेंद्र चौधरी, हाजी खुर्शीद अहमद बलदेव सिंह औलख राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश, संदीप बाजवा, श्रीकांत राठौर, विपिन जलहोत्रा, गुरजीत सिंह, श्रवण सिंह, अनमोल बिर्क, सिमरनजीत सिंह, सुरेश कोली, केके दास, राजेश बजाज, परविंदर सिंह, परमजीत सिंह, करतार सिंह, शमशेर सिंह, राजेंद्र सिंह, प्रीतम सिंह, गुरचरण सिंह, करतार सिंह, सुरमुख सिंह, अमरीक सिंह, जसपाल सिंह, हरनाम सिंह, श्वेता मिश्रा, फरजाना बेगम, शालिनी बोरा, मीना सिंह, ऊषा सिंह आदि थे। इससे पहले पुलिस लाईन पहुंचने पर मुख्यमंत्री धामी को जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री का यहां पहुंचने पर भाजपा नेताओं ने जोरदार स्वागत किया।

**नाश्ता व खाने की थी व्यवस्था**

युवा सिख सम्मेलन में नगर एवं दूरदराज क्षेत्रों से आये हजारों लोगों के लिए नाश्ता एवं दोपहर के खाने की भी व्यवस्था की गई थी। पानी के लिए कई स्टॉल लगाये गये थे। यहां व्यवस्थायें पूरी तरह से ठीक रहीं। लोगों को किसी भी तरह सें परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ा।

**पत्रकार दीर्घा पर किया कब्जा**

आयोजन स्थल पूरी तरह से भर जाने के बाद सम्मेलन में आये लोगों ने पत्रकार दीर्घा में आकर कुर्सियों पर कब्जा कर लिया। जिसकी जानकारी मिलने पर मंच संचालक द्वारा उन्हें पत्रकार दीर्घा खाली करने का निवेदन किया गया। इससे व्यवस्था बिगड़ने लगी तो तुरंत पत्रकारों के लिए अलग से कुर्सियां लगवाई गयीं।

**अज्ञात वाहन...**भुवन गिरी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# होली चाइल्ड स्कूल में वार्षिक खेल दिवस की धूम

## नए किंडरगार्टन विंग 'द नेस्ट' का हुआ उद्घाटन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। होली चाइल्ड स्कूल में 25 साल की उत्कृष्टता का जश्न मनाने के लिए वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्कूल के विशाल खेल के मैदान में हुआ। मुख्य अतिथि फैसिंग एशोसिएसन ऑफ इंडिया के महासचिव राजीव मेहता, विशिष्ट अतिथि एम.बी.बी.एस. ऑर्थों डॉ. आकाश मुंजाल ने कार्यक्रम की शुरूआत की। स्पोर्ट्स मीट से पहले मुख्य अतिथि ने नए किंडरगार्टन 'द नेस्ट' का उद्घाटन किया। किंडरगार्टन शिक्षकों ने शिक्षण पद्धति का प्रदर्शन किया। व्यूसोनिक के सहयोग से नव स्थापित इंटरैक्टिव टीवी भी प्रदर्शित किया गया। लोगों को बताया गया कि इस नये आकर्षक भवन में कैसे इंटरैक्टिव पद्धति का उपयोग किया जायेगा। जिन लोगों ने नई बिल्डिंग देखी वे वहां का माहौल और डिजाइन देखकर बेहद खुश हुए। कई लोगों ने तो यह भी कहा कि यह इमारत इस क्षेत्र की सबसे अच्छी इमारत है। आसपास की सुंदरता देखकर मुख्य अतिथि एवं अन्य सभी गणमान्य व्यक्ति अत्यंत प्रसन्न हुए। दिन के कार्यक्रम की शुरूआत से पहले स्कूल संरक्षक योगराज बत्रा, अध्यक्ष रोहताश





बत्रा, उपाध्यक्ष विकास बत्रा, एम.डी. श्रीमति पूजा बत्रा, निदेशक विनय बत्रा, प्रधानाचार्य मिंटू दुबे, उप-प्रधानाचार्य (एडमिन) प्रदीप कुमार जोशी एवं उप-प्रधानाचार्य (अकादमिक) श्रीमति मंजू अधिकारी ने डिप्यूटी हेड बॉय, डिप्यूटी हेड गर्ल स्पोर्ट्स कैप्टन और सभी चार हाउस के कैप्टन के साथ मशाल जलाने के लिए मुख्य अतिथि का नेतृत्व किया। मुख्य अतिथि ने मशाल जलाकर खेल प्रतियोगता के शुभारंभ की घोषणा की। मशाल जलाने के तिए एक विशेष डिजाइन वाला स्टैंड बनाया गया था। उन्होंने गुब्बारे छोड़े और स्पोर्ट्स मीट के उद्घान की घोषणा की। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना और उसके बाद मार्च पास्ट से हुई। नृत्य दल द्वारा सुन्दर स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। जिम्नास्टि, मलखंभ, कराटे और योग जैसे कार्यक्रमों की एक ऊर्जावान श्रृंखला देखने लायक थी इसके बाद फैन ड्रिल, डंबल्स, मेज ड्रिल, फायर ड्रिल और डांस मेडले का आयोजन किया गया। बोर्ड परीक्षाओं में असाधारण प्रदर्शन करने वाले और राष्ट्रीय, राज्य, जोनल और जिला स्तर पर खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। सत्र 2022-23 में दसवीं कक्षा के द्वितीय जिला टॉपर और स्कूल टॉपर 98.2% अंक प्राप्त करने वाले आदित्य अधिकारी, तृतीय जिला टॉपर 98% अंक प्राप्त करने वाली नव्या ज्योति को ट्रॉफी व चेक प्रदान किए गए। बारहवीं कक्षा की स्कूल टॉपर मानवीय स्ट्रीम में 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वलाी जसमीत कौर, साइंस स्ट्रीम की टॉपर 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली बानी खुराना व कॉमर्स स्ट्रीम की टॉपर 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली महक अग्रवाल को ट्रॉफी व चेक देकर सम्मानित किया।मुख्य अतिथि राजीव मेहता ने प्रेरक भाषण दिया और छात्रों के प्रदर्शन की सराहना की। वाइस चेयरमैन विकास बत्रा ने सभी शिक्षकों और बच्चों की कड़ी मेहनत पर प्रेरक भाषण दिया। स्कूल के प्रधानाचार्य श्री मिंटू दुबे ने सभी को उनकी उपस्थिति और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया और बच्चों को उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए बधाई दी।








# लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में है जोश: महेंद्र

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर उत्तराखंड बीजेपी पूरी तरह से तैयार है और लगातार संगठन, पार्टी के हर वर्गों के साथ बैठक करने में जुटा हुआ है। भाजपा संगठन और हमारे कार्यकर्ताओं में जोश है। कार्यकर्ता हमारे पार्टी की रीढ़ है। यहां प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने कहा चुनाव को लेकर उत्तराखंड बीजेपी पूरी तरह से तैयार है और लगातार संगठन, पार्टी के हर वर्गों के साथ बैठक करने में जुटा हुआ है। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा जिले के सभी जिला अध्यक्षों, प्रभारी और अन्य पदाधिकारी के साथ वह बातचीत कर रहे हैं। सभी जिलाध्यक्षों व जिला प्रभारियों को आने वाले समय में पार्टी के कार्यक्रमों को किस तरीके से किया जाय, इसको लेकर बैठकों का दौर जारी है। संगठन और कार्यकर्ताओ के साथ पार्टी आगामी चुनावों को और मजबूती से लड़ें इसके लिए समीक्षा कर रहे है। उन्हेंने कहा 2024 लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी हर वर्गों के बीच जा रही है। आम लोगो को राज्य और केंद्र सरकार की जन



कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है और उसका किस तरह से लाभ आम जन तक पहुंचे, इसको लेकर भी पार्टी काम कर रही है। श्री भट्ट ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कमल का फूल और हम सभी लोगों का दायित्व है पार्टी को सर्वोपरि मानते हुए कार्यकर्ताओं को जो दायित्व दिये गये है उनका अच्छे से निर्वहन करें। हम जनता के हितों में रह कर समाज के लिए सदैव मजबूती से उसके लिए आगे आयें। उन्होंने कहा मोदी व धामी सरकार ने उत्तराखंड के लिए बहुत अच्छे फैसले लिए हैं। जिससे उत्तराखंड प्रगति के मार्ग पर आगे बड़ रहा है। उन्होंने कहा आज भारत एक शक्तिशाली राष्ट्र बना है। जल, स्थल, अंबर और अंतरिक्ष में भी हमने अपनी मिसाल कायम की है।उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से जनता का लाभ है और यह यात्रा महिलाओं को सक्षम बनाने में और विकास कार्यों को आगे बढ़ाने में अभूतपूर्व भूमिका निभायेगी ।आज भारतीय सड़क नेटवर्क विश्व में बहुत आगे बढ़ा है भारत आज आत्मनिर्भर है लाखों रोजगार सृजित हो रहे हैं। उत्तराखंड में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा प्राथमिकता से वेदर रोड ऋषिकेश कर्ण प्रयाग तक रेल, चंपावत पिथौरागढ़ से चमोली उत्तरकाशी तक सीमा सड़कों का जाल तेजी से हो रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया ने देखा 41 श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकलने में मोदी ने कोई कसर नहीं छोड़ी। पर्यटन और अध्यात्म के क्षेत्र में उत्तराखंड लगातार आगे बढ़ रहा है।प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट, प्रदेश प्रवक्ता हेमंत द्विवेदी, प्रदेश मीडिया प्रभारी चंदन बिष्ट, नवीन भट्ट, जिला मीडिया प्रभारी भुवन भट्ट आदि लोग रहे।

# सेना में लेफ्टिनेंट बने विक्की का किया स्वागत

गदरपुर/गुलरभोज(उद संवाददाता)। विक्की के सेना में लेफ्टिनेंट बनने पर रविवार को जनप्रतिनिधियों और पूर्व सैनिकों ने उनका सम्मान किया। जलाशय के अंदर कोपा बसंता गांव निवासी इंदर सिंह मेहता के पुत्र विक्की मेहता 2016 में इंजीनियर में सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे। इसके बाद वह एससीसी



कमीशन लेकर लेफ्टिनेंट बने। विक्की को गोरखा राइफल में लेफ्टिनेंट के पद पर तैनात किया गया है। इस उपलब्धि पर अधिशाषी अधिकारी आशीष नेगी, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता दुबे, व्यापार मंडल अध्यक्ष कुलदीप रघुवंशी, सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की, तरूण दुबे, संजीव भटेजा, रमेश सागर, नंदन सिंह कोश्यारी, धर्म सिंह धर्मसत्तू, महिपाल सिंह ने विक्की को सम्मानित किया।

# साईकिल से भारत भ्रमण कर दे रहे पर्यावरण का संदेश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। साईकिल से सम्पूर्ण भारत वर्ष को भ्रमण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे राजस्थान निवासी पप्पू चौधरी पुत्र कुंधाराम आज अनेक राज्यों का भ्रमण करते हुए रूद्रपुर पहुंचे। उन्होंने बताया कि गत 25 अप्रैल 2023 को उन्होंने नागौर राजस्थान उसने अपनी साईकिल यात्रा प्रारम्भ की थी। उन्होंने बताया साईकिल यात्रा के माध्यम से वह सम्पूर्ण देश में पर्यावरण संरक्षण का संदेश



देकर विश्व रिकार्ड बनाना चाहते हैं। श्री चौधरी ने बताया कि वह अभी तक लद्दाख, जम्मू कश्मीर, हिमांचल प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा होते हुए उत्तराखण्ड पहुंचे हैं। यात्रा के दौरान उन्होंने पर्यावरण का संदेश देते हुए करीब 3500 पौधों का रोपण भी किया है। उनका लक्ष्य एक लाख पौधों का रोपण करना है।यहां से वह उत्तर प्रदेश, दिल्ली, आसाम, अरूणांचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मेघालय , सिक्किम, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटका, केरल, तमिलनाडु, गोवा खसहित सभी राज्यों का भ्रमण करते हुए अपनी यात्रा का वर्ष 2025 में समापन करेंगे।

# आगामी चुनाव के लिए कांग्रेसियों ने बनाई रणनीति

किच्छा(उद संवाददाता)। निकाय और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा एक आवश्यक बैठक का आयोजन नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के नेतृत्व में एवं किच्छा सह प्रभारी सौरभ चिलाना की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें आगामी लोकसभा के चुनाव हेतु रणनीति बनाई गई तथा नगर के विभिन्न वार्डों में पार्टी के कार्यकर्ताओं को कांग्रेस की नीतियों से आम जनता को अवगत कराने का आह्वान किया गया तथा तय किया गया कि नगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी के नेतृत्व में घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरुक करते हुए कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि प्रत्येक वार्ड में वार्ड अध्यक्षों के अलावा वार्ड कार्यकारिणी का गठन करते हुए कांग्रेस की नीतियों से आम जनता को अवगत कराने के साथी भाजपा की जन्म विरोधी नीतियों से भी अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार केंद्र और राज्य में पूर्ण रूप से असफल हो चुकी है।



बेरोजगारी चरम सीमा पर पहुंच गई है शिक्षित बेरोजगार अपने को ठगा महसूस कर रहा है। उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए किच्छा प्रभारी सौरभ चिलाना ने कहा कि अब समय आ गया है पार्टी के लिए एकजुट होकर कार्य करते हुए पार्टी द्वारा चिन्हित प्रत्याशी को जी जान से चुनाव लड़ा कर लोकसभा में भेजा जाए। इससे पूर्व बैठक में पहुंचने पर सहप्रभारी सौरभ चिलाना का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रमेश चंद्र तिवारी उर्फ गुड्डू, फाजिल खान, नगर महामंत्री तसलीम सलमानी, शिवकुमार कर्मकार, सानू मलिक, मोहम्मद सलीम, जमील अहमद, राजकुमार कश्यप, अर्जुन कोहली, दानिश इकबाल, जमील अहमद, रिजवान सेमिया, प्रवीण सैनी, महेंद्र सिंह, दलेर सिंह बिष्ट, त्रिवेणी गंगवार, ओमप्रकाश दुआ, अकरम खान, अशोक ओड़िआ, नरेंद्र कामरा, मंगली प्रसाद, ताहिर हुसैन, अजय गुरदास, छोटे कोली, जुनैद मालिक, अदनान खान, हसीब अंसारी, नितिन शर्मा, सुनील ठाकुर ,रेखा यादव, श्रीमती कलावती, श्रीमती विनोद मौर्य, मोहम्मद नासिर, राजेश प्रताप सिंह, विनोद कोरंगा, संजीव सिंह, अक्षय बाबा, विनोद, नासिर भाई ,तिरुपति गंभीर, पप्पू सिंह, ओम प्रकाश गंगवार, दुर्गेश गुप्ता, मिस्वाल कुरैशी, लियाकत अंसारी, हरभजन सिंह, इसाक अहमद, धर्मपाल गंगवार, नंदलाल कोली, रामचंद्र कश्यप ,गुलशन सिंधी, इम्तियाज मलिक, जीवन जोशी, फरियाद शाह, कुर्बान अली, अफसर कुरैशी, अशोक मित्र, नितिन शर्मा उपस्थित थे।